मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 280, मुंबई, शनिवार, 11 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI




# अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स में भर्ती

## ...हो गई है गंभीर बीमारी; डॉक्टर बोले- ऑपरेशन करना होगा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** तिहाड़ जेल में बंद अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि छोटा राजन का साइनस की समस्या है और इसके चलते उसके नाक का ऑपरेशन होना है। डॉक्टरों की सलाह पर उसे एम्स में भर्ती कराया गया है, लेकिन अभी उसका ऑपरेशन नहीं हुआ है।



(शेष पृष्ठ 3 पर)

# टूट की कगार पर महाविकास अघाड़ी

## डूबती कांग्रेस को नहीं मिलेगी उद्धव-पवार की पतवार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद अब राज्य में विपक्ष की महाविकास आघाड़ी टूट के कगार पर पहुंच गई है। दिल्ली विस चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस को छोड़ अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी को समर्थन देने का ऐलान किया है। इससे आग और भड़क गई है। यूबीटी प्रवक्ता संजय राउत ने गठबंधन में टूट का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था और नतीजे भी अच्छे रहे। उसके बाद हम सभी की, खासकर कांग्रेस की यह जिम्मेदारी थी कि महाविकास आघाड़ी के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन को जिंदा रखें। एक साथ बैठकर आगे का रोड मैप तैयार करें लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### वडेट्टीवार ने पटोले व राउत को घसीटा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार के लिए सीटों के बंटवारे में घोटाले को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर काफी समय बर्बाद हुआ।

# सावरकर पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को बड़ी राहत



## पुणे की कोर्ट ने मानहानि केस में दी जमानत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** वी डी सावरकर पर टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी वीडियो लिंक के जरिए पुणे की अदालत में पेश हुए। अदालत ने मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को जमानत दी। उनको इस मामले में बड़ी राहत मानी जा रही है। अब राहुल गांधी को अदालत के सामने पेश नहीं होना होगा। शुक्रवार को पुणे की एक विशेष अदालत ने हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से संबंधित मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जमानत दे दी। सांसद/विधायक अदालत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश होने के बाद 25,000 रुपये के जमानती बॉण्ड पर जमानत दे दी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मोदी की मंशा पर फडणवीस की मुहर

## 'वन नेशन वन इलेक्शन' से पहले महाराष्ट्र में एक राज्य एक चुनाव!

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** देश में वन नेशन वन इलेक्शन के लिए बिल को लेकर सियासी संग्राम छिड़ा हुआ है। इसको लेकर एक तरफ मोदी सरकार इसे लागू करवाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रही है तो दूसरी ओर विपक्ष इसके तहत होने वाले नुकसानों की गिनती कराकर इसे रोकने की हर संभव कोशिश कर रहा है। ऐसे में महाराष्ट्र में मोदी के इस प्लान को इस्तेमाल करने की कोशिश की जा रही है। बड़े स्तर से पहले छोटे स्तर पर यानी की महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में इसका प्रयोग किए जाने की अटकलें तेज हो रही है। राज्य में सभी स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ करवाने के कयास लग रहे हैं। सरकारी महकमे में भी इसकी चर्चा चल रही है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### अप्रैल में लग सकती है आचार संहिता

अगर 22 जनवरी को सुको अपना फैसला दे देता है तो सरकार चुनाव की तैयारी में लग जाएगी। फरवरी-मार्च में परीक्षाएं होती हैं। इसलिए अप्रैल के दूसरे सप्ताह या अंत तक चुनाव की आचार संहिता लगने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राजनीतिक पार्टियां तो चुनाव तैयारी में जुट गई हैं। हालांकि अब तक सरकार की ओर से प्रभाग रचना व आरक्षण के संदर्भ में किसी तरह की सूचना प्रशासन को नहीं आई है।

## हमारी बात

### चंद्रबाबू की चांदी ही चांदी!



**चंद्रबाबू नायडू गजब हैं।** उन जैसा चतुर क्षत्रप फिलहाल दूसरा नहीं है। वे आंध्र प्रदेश में चौथी बार मुख्यमंत्री बने हैं और मोदी सरकार को अपनी पार्टी का समर्थन देते हुए सर्वाधिक लाभ ले रहे हैं। इस सप्ताह प्रधानमंत्री विशाखापत्तनम गए। चंद्रबाबू नायडू और उनके उप मुख्यमंत्री व जन सेना पार्टी के पवन कल्याण के साथ रोडशो किया और आंध्र के लिए कोई दो लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट लांच हुए। इससे पहले केंद्र सरकार के बजट में राजधानी अमरावती के विकास के लिए आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपए की विशेष मदद मिली है। चंद्रबाबू नायडू का पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन से भारी निजी पंगा था। उस नाते जब जगन मोहन सरकार की अडानी ग्रुप पर मेहरबानी का अमेरिका में भंडाफोड़ हुआ तो लोगों को लगा चंद्रबाबू सरकार कार्रवाई करेगी। लेकिन चंद्रबाबू सरकार में भी अडानी का जलवा कायम है। चंद्रबाबू की इस मेहरबानी के क्या मायने हैं, इसे समझा जा सकता है। उन्होंने विशाखापत्तनम की सभा में नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में साफ कहा कि हमारे झंडे अलग अलग हैं लेकिन हम हैं एक! इसलिए मोदी सरकार के प्रति चंद्रबाबू के रवैए को लेकर अटकलें व्यर्थ हैं। दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश में पवन कल्याण ने हिंदू राजनीति का जो झंडा उठाया है वह आगे भाजपा के काम का है। इस सबका आगे तेलंगाना में भी असर होगा। तेलंगाना में टीआरएस के चंद्रशेखर राव सक्रिय होते हुए हैं। मोटामोटी दक्षिण के पांचों राज्यों में क्षत्रपों (केरल में लेफ्ट मोर्चा के विजयन भी इसी कैटेगरी में) का दबदबा उतना गड़बड़ाता हुआ नहीं है, जितना बगल के महाराष्ट्र में बिगड़ा है। उद्धव ठाकरे, शरद पवार दोनों पूरी तरह हाशिए में चले गए हैं। दोनों के साथ वह हुआ है, जिसमें न इनके पास सोचने को कुछ है और न करने को। ऐसा हादसा ओडिशा में नवीन पटनायक के साथ भी हुआ। लेकिन हैरानी की बात है जो नवीन पटनायक 78 वर्ष की उम्र में बिना हो हल्ला के जमीनी राजनीति करते हुए हैं। विधानसभा चुनाव से पहले धारणा थी कि उनकी सेहत ठीक नहीं है। वे जमीनी राजनीति नहीं कर सकते हैं। मगर उन्होंने और उनकी पार्टी ने नतीजों को ले कर तथ्य एकत्र कर चुनाव आयोग को तथ्यों के साथ कायदे से शिकायत की। नवीन पटनायक खुद जमीनी राजनीति करते हुए हैं। जिन लोगों से कथित तौर पर घिरे हुए थे, उन्हें एक तरफ करके नवीन पटनायक जमीनी राजनीति करते हुए हैं। लोगों में नवीन बाबू की चर्चा होने लगी है। कह सकते हैं क्षत्रपों में ईगो रहित नेता के नाते अकेले नवीन पटनायक है। 24 वर्ष लगातार मुख्यमंत्री रहते हुए भी उनके अहंकारी होने के कभी चर्चे नहीं थे और अब विपक्ष में हैं तो बिना ईगो के सहज भाव राजनीति करते हुए हैं।

# दुनिया भर में स्थित भारतीय मिशनों ने प्रवासी भारतीय दिवस समारोह में लिया हिस्सा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**नई दिल्ली।** ओडिशा के भुवनेश्वर में 8-10 जनवरी के बीच आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) समारोह का जश्न भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर के विभिन्न देशों में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशन और महावाणिज्य दूतावासों ने इस उत्सव में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया और अपने स्तर पर भी कई शानदार कार्यक्रम आयोजित किए। सेशेल्स में भारतीय उच्चायोग ने प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की, जबकि चिली में भारतीय दूतावास ने भी उद्घाटन समारोह की तमाम चीजों को प्रदर्शित करने के लिए इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित किया। सऊदी अरब के रियाद में भारतीय दूतावास ने प्रसिद्ध कलाकार मोहम्मद वकील द्वारा प्रस्तुत गजलों और गीतों की एक जीवंत सांस्कृतिक संध्या की मेजबानी की। इस बीच, नॉर्वे में स्थित भारतीय दूतावास ने केजेलर के जेके बैंक्वेट हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित किया, जहां 200 से अधिक उपस्थित लोग भारतीय प्रवासियों के उल्लेखनीय योगदान का सम्मान करने के लिए एकत्र हुए। इन अंतर्राष्ट्रीय समारोहों ने भारत और उसके वैश्विक प्रवासियों के बीच स्थायी बंधन को उजागर किया, उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया और एकता की भावना विकसित की। शुक्रवार को भुवनेश्वर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 27 लोगों को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए, जिसके बाद राष्ट्रपति के समापन भाषण के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। 8 जनवरी को भारत में युवा प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन किया गया, जो 18वें पीबीडी समारोह की शुरूआत थी। इस कार्यक्रम में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, युवा मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भाग लिया। अगले दिन, 9 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस भव्य कार्यक्रम में दुनिया भर के भारतीय समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों और प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। ओमान से सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल आया, जिसमें 300 से अधिक भारतीय प्रवासी सदस्य शामिल थे। भारत को अपने विशाल विदेशी समुदाय से जोड़ने तथा उनके ज्ञान, विशेषज्ञता और कौशल को एक साझा मंच पर लाने के उद्देश्य से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 2003 में इस सम्मेलन की शुरूआत की थी।

# सपा विधायिका नसीम को धमकाने वाले भाजपा नेता को टीम इंस्पेक्टर सूर्यबली ने किया गिरफ्तार

## समाजवादी पार्टी की विधायक नसीम सोलंकी से पहले भी कई बार अभद्रता कर चुका है गिरफ्तार भाजपा नेता धीरज चड्ढा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**कानपुर।** यहां समाजवादी पार्टी की विधायिका नसीम सोलंकी के साथ अभद्रता की सीमा तोड़ते हुए धमकी देने वाले भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार कर लिया गया है। समाजवादी पार्टी की विधायक का नसीम सोलंकी को धमकी मामले में समाजवादी पार्टी कार्यकताओं में भी रोष था और वे इसके खिलाफ बड़ी संख्या में स्वरूप नगर थाना भी पहुंचे थे ,जिसके बाद पुलिस ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए उसे विनायकपुर के एक घर से गिरफ्तार कर लिया। सपाइयों का आरोप है कि सीसामऊ से चुनाव जीतने के बाद विधायिका नसीम सोलंकी को स्वरूप नगर क्षेत्र में रहने वाले भाजपा नेता धीरज चडढा अभद्रता करते हुए पहले ही धमकी दे चुके हैं। गत दिवस भी उन्होंने ऐसा ही किया। इसके विरोध में सपा नेताओं ने थाने में जमकर हंगामा किया। जिस पर पहले से ही सक्रिय पुलिस ने तत्काल ही आरोपी धीरज चढ़ा के मकान पर छापा मारा लेकिन वह फरार होने में सफल रहा। लेकिन पुलिस ने उसकी तलाश लगातार जारी रखी, जिसके फलस्वरूप दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए कल्याणपुर के एक मकान गिरफ्तार कर उसे जेल का रास्ता दिखा दिया। याद रहे कि सपा विधायिका नसीम सोलंकी को धमकाने और उनसे अभद्रता करने के आरोप में जिस थाने स्वरूप नगर पुलिस ने भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार किया गया है। आजकल उस स्वरुप नगर थाने की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय के हाथ में है। सपा विधायक नसीम सोलंकी को धमकाने वाले भाजपा नेता धीरज चड्ढा को फरार होने के पहले ही गिरफ्तार करने वाले तथा कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ चुनौतीपूर्ण नजीराबाद की भी कमान बहुत सफलता पूर्वक संभाले, सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में सैकड़ों अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। इसी के साथ तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार करने वाले इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है, जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी की सीसामऊ से विधायक नसीम सोलंकी को धमकाने वाले भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार करने की कार्रवाई भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# दरियादिल मुंबईकर सदस्यों ने हिंदू आध्यात्मिक और सेवा फाउंडेशन-मुंबई (एचएएसएसएफ) मेले में भाग लिया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 को दोपहर 2:00 बजे दरियादिल मुंबईकर सदस्यों ने हिंदू आध्यात्मिक और सेवा फाउंडेशन-मुंबई (एचएएसएसएफ) मेले में भाग लिया। स्थलः लक्ष्मी पार्क, महाराजा अग्रसेन मार्ग, बांगुर नगर, गोरेगांव पश्चिम। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राष्ट्र निर्माण के वास्तुकार स्वामी विवेकानंद थे। मूल्य निर्माण ही राष्ट्र निर्माण है। पूरे भारत से 300 से अधिक स्टॉल, एनजीओ, और हमारे हिंदू सांस्कृतिक को दशार्ते हुए जैन धर्म का पूरा खंड भी प्रदर्शित किया गया था।




हम सभी दरियादिल मुंबईकर सदस्यों ने -

1. ध्यान पर व्यावहारिक सत्र
2. संस्कृत में बोलना सीखा,
3. पतंजलि द्वारा योग का महत्व सीखा। 4. कलश, फूल, दीया और माथे तिलक का महत्व सीखा
5. स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं और पुस्तकें

यह बहुत जानकारीपूर्ण था और इसमें भाग लेने लायक था।

दरियादिल मुंबईकर संस्थापिका माननीय डॉक्टर अर्चना देशमुख जी ने बतलाया कि आज उनके ग्रुप के कुछ सदस्यों ने जिसमें शामिल है अर्चना देशमुख, माधवी गुप्ता, निधि अय्यर, श्यामा अग्रवाल, आशा नागाली, रेनू गोयल, शालिनी शर्मा, धर्मिष्ठा पारिख, सुरेखा काबरा, राजकुमारीडागा, शोभा जोशी, नंदा चोमल, राजकुमारी तिवारी, सुवर्णा अम्बाला आदि शामिल हुए। तथा उन्होंने बाकी सभी को भी वहां जाने के लिए प्रेरित किया।




**भारतीय जनता पार्टी द्वारा कलिना मुंबई यूनिवर्सिटी में शुक्रवार दिनांक १०/०१/२०२५ को सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। सदस्यता अभियान में भारतीय जनता पार्टी के नेता एडवोकेट दीनानाथ तिवारी, एडवोकेट वैभव जाधव, एडवोकेट बीना दिवेकर, अनिल उपाध्याय, अशोक सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस सदस्यता का आयोजन पंजाबी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लीडर सिंह द्वारा किया गया। उक्त सदस्य अभियान में मुंबई युनिव्हर्सिटी के विद्यार्थियों ने स्वस्फूर्त भाग लिया।**

# आशीर्वाद स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**ठाणे।** शहर के नागांव (चाविंद्रा) स्थित आशीर्वाद शिक्षण प्रसार मंडल द्वारा संचालित आशीर्वाद हिंदी हाई स्कूल एवं शांति देवी वीरेंद्रप्रताप सिंह हिंदी प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गयो इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी गंभीरानन्द नवनिर्माण ट्रस्ट के ब्रह्मचारी परमपूज्य स्वामी प्रेमस्वरूप चैतन्यजी महाराज उपस्थित थे स्वामी जी महाराज द्वारा मां सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गयो इस दौरान महाराज के साथ आश्रम के सेवाधारी एवं बीएनएन कॉलजे प्रो. डॉ. कुलदीप सिंह राठौर, स्वयं सिद्दी कॉलेज के प्रो. रवि एस. बिटला, डोंबीवली स्थित सक्षम ग्रुप के डायरेक्टर समीर माली, डॉ. प्रभाकर विश्वकर्मा, डॉ. बृजलाल पटेल, डिवाइन क्लासेज शिक्षक अनिल झा, उद्योगपति शोभनाथ उर्फ गुड्डू मौर्या, राजू मौर्या, स्वामी गंभीरानन्द नवनिर्माण ट्रस्ट के मैत्रेयी महिला परिषद की अध्यक्ष एवं संगीत शिक्षिका दीपमाला विश्वकर्मा एवं विनोद मिश्रा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस वार्षिकोत्सव में दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा कुल 27 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने नृत्य, ड्रामा एवं गीत सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत कियो इसके साथ ही बच्चों ने पिरामिड का भी शानदार प्रदर्शन कियो इन प्रस्तुतियों में लेजिम, गणेश वंदना, ओल्ड एज होम, नशामुक्ति नाटक जैसे प्रस्तुतियों को कार्यक्रम में आए अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहा गयो कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक सीदाराम चौगुले एवं प्रो. डॉ. कुलदीपसिंह राठौर द्वारा स्वामीजी महाराज का




परिचय दिया गया। ब्रह्मचारी श्री प्रेमस्वरूप चैतन्यजी महाराज द्वारा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के बाद विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिया गया।

आशीर्वाद स्कूल के विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण करने के लिए पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी सहित बीजेपी उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष मंगेश यादव, बीजेपी के जिला महासचिव एडो. प्रवीण मिश्रा, पी.डी. यादव,एडो. नंदन गुप्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजय नायक, वरिष्ठ पत्रकार दानिश आजमी एवं खालिद अब्दुल कयूम अंसारी,वरिष्ठ शिक्षक अकबर पिंजारी,प्रतापगढ़ से आए महेश सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बबलू ठाकुर, साधू यादव, आदर्श रामलीला समिति मानसरोवर के महासचिव मंगलेशलाल शर्मा, लक्ष्मी केजरीवाल,हृदयनारायण सिंह एवं बच्चूलाल जायसवाल,श्रीराम हिंदी हाईस्कूल के मुख्याध्यापक प्रवीण सूयार्राव,आरिफ अंसारी, समाजसेवक गुलाब शंकर शुक्ला, हनुमानदत्त शुक्ला, सुदर्शन बल्ला, जितेंद्र चतुर्वेदी, समाजसेवक संतोष राय, बिंदल हिंदी विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिवपूजन पांडेय एवं चाचा नेहरू हिंदी हाईस्कूल के वरिष्ठ शिक्षक विजय शंकर सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे। वरिष्ठ नगरसेवक संतोष शेट्टी द्वारा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों एवं विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मान चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पिरामिड को देखते हुए विनयकुमार सिंह (बबलू ठाकुर) द्वारा 2100 रुपए का पुरस्कार दिया गयो इसके अलावा अन्य अभिभावकों द्वारा भी विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार दिया गयो स्कूल के चेयरमैन वी के सिंह द्वारा कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल,सम्मान चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस वार्षिकोत्सव को संपन्न करने में विद्यालय के मुख्याध्यापक दीपक सिंह, वरिष्ठ शिक्षक आर. एम. श्रीवास, महफूज अंसारी, गणेश पाटील, सीदाराम चौगुले, आकाश पाण्डेय, सज्जन मुल्ला, ए.के. सिंह, सूरज सिंह, राहुल अहिरे,सरोज सिंह, नमिता सिंह, किरन वर्मा, सुषमा सिंह, शबनम मोमिन लालबिहारी विश्वकर्मा, अयाज शेख, दिलशेर शेख सहित अन्य शिक्षकों ने विशेष परीश्रम किया।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### टूट की कगार पर महाविकास अघाड़ी

उन्होंने कहा, गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी थी लेकिन उसने अपनी जिम्मेदारी ठीक ढंग से नहीं निभाई। दिल्ली के चुनाव में आप को समर्थन देने पर यूबीटी सांसद अनिल देसाई ने भी कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में केजरीवाल ने हमारा समर्थन किया था। इसलिए हम लोगों ने दिल्ली विस चुनाव में उन्हें समर्थन देने का फैसला किया है लेकिन कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है। राउत ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और उमर अब्दुल्ला का कहना है कि अब इंडिया गठबंधन का कोई वजूट नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि अगर नेताओं का नजरिया बदल रहा है तो इसके लिए गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जिम्मेदार है।

### अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स में भर्ती

ऑपरेशन होने के बाद उसे वापस तिहाड़ जेल भेज दिया जाएगा। जेल सूत्रों का कहना है कि छोटा राजन का जेल में इलाज चल रहा था। तकलीफ बढ़ने के बाद उसे एम्स में इलाज के लिए भेजा गया था। डॉक्टरों ने जांच पड़ताल करने के बाद उसे ऑपरेशन करवाने की सलाह दी। जिसको देखते हुए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तिहाड़ के हाई सिक्योरिटी जेल में बंद छोटा राजन के एम्स में भर्ती होने के बाद वहां की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जिस वार्ड में छोटा राजन को रखा गया है। वहां की सुरक्षा को चाक चौबंद कर दी गई है। सुरक्षा कर्मियों के बिना इजाजत के किसी को भी वार्ड में जाने की अनुमति नहीं है। सूत्रों का कहना है कि 64 साल के छोटा राजन को स्वास्थ्य को लेकर कई समस्या है। छोटा राजन को साइनस की समस्या है और उसकी सर्जरी कब होगी, इसको लेकर एम्स की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### सावरकर पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को बड़ी राहत


इस मामले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन जोशी अदालत में जमानतदार के रूप में पेश हुए। राहुल गांधी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील मिलिंद पवार ने कहा कि अदालत ने कांग्रेस नेता को अपने समक्ष उपस्थित होने से स्थायी छूट भी प्रदान की है। अब राहुल गांधी को अदालत के सामने पेश नहीं होना होगा। राहुल गांधी के वकील पवार ने बताया कि मामले की अगली सुनवाई अब 18 फरवरी को होगी। यह मामला मार्च 2023 में लंदन में गांधी द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित है। गांधी ने अपने भाषण में स्वतंत्रता सेनानी द्वारा लिखी गई एक किताब का हवाला देते हुए उन पर कुछ टिप्पणियां की थीं। जिसके बाद सावरकर के पोते की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

### मोदी की मंशा पर फडणवीस की मुहर

मतलब महानगर पालिका, जिला परिषद, पंचायत समिति, नगर परिषद के सारे चुनाव एक साथ करवाए जा सकते हैं। इससे बार-बार लगने वाली आचार संहिता और उससे विकास कार्यों पर आने वाली रुकावट भी दूर होगी। हालांकि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर निर्भर है। आशा जताई जा रही है कि 22 जनवरी को इस संदर्भ में सुपर सुनवाई है। इसी दिन सुको अपना निर्णय भी दे सकता है। ओबीसी आरक्षण के मुद्दे के चलते बीते 3 वर्ष से स्थानीय निकाय चुनाव नहीं हो पाए हैं। कुछ गिने-चुने जिला परिषद में पदाधिकारी बचे हैं जिनका कार्यकाल भी 1-2 महीनों में समाप्त हो रहा है। सभी मनपा में प्रशासक राज चल रहा है।

## खबर संक्षेप

### पीएम ने गायक जयचंद्रन के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रसिद्ध पार्श्व गायक पी. जयचंद्रन के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि विभिन्न भाषाओं में उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियां आने वाली पीढ़ियों के दिलों को छूती रहेंगी। जयचंद्रन का गुरुवार को केरल में 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पीएम ने कहा कि उन्हें मधुर आवाज का वरदान था।

### गुरुग्राम में 2 सहायिकाओं की संदिग्ध मौत



**गुरुग्राम।** सेक्टर 40 में शुक्रवार को फर्नीचर कारोबारी के मकान की चौथी मंजिल से संदिग्ध हालात में दो सहायिक गिर गईं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवाकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी ओर न्याय की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने देर रात थाने के सामने प्रदर्शन किया।

### कार्ति के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के बेटे और कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। कार्ति पर शराब कंपनी डियाजियो और वेंचर कैपिटल फंड सिकोइया कैपिटल से संदिग्ध फंड ट्रांसफर लेने का आरोप है। सीबीआई इंस्पेक्टर रवि राज खटीक ने यह बात कही है।

### एएमयू को बम से उड़ाने की मिली धमकी



**अलीगढ़।** मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। एएमयू को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद पुलिस महकमे में दहशत का माहौल है। परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। कुलपति समेत विवि के सभी शीर्ष अधिकारियों को एक ईमेल मिला जिसमें 'परिसर को बम से उड़ाने' की धमकी दी गई थी।

---

### वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के. संजय मूर्ति की जगह लेंगे

# अगले सप्ताह उच्च शिक्षा सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे आईएएस विनीत जोशी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के पहले महानिदेशक और लंबे समय से अशांत मणिपुर के मुख्य सचिव रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी विनीत जोशी अगले सप्ताह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे।

वह मंत्रालय में पूर्व उच्च शिक्षा सचिव रहे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के. संजय मूर्ति की जगह लेंगे। जिन्होंने पिछले साल 21 नवंबर 2024 को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया है। बताते चलें कि बीते लगभग दो सप्ताह पहले केंद्र सरकार ने विनीत जोशी की उच्च शिक्षा सचिव के रूप में नियुक्ति का ऐलान किया था। इसके पूर्व में वह मणिपुर के मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने

***इसके पूर्व में वह मणिपुर के मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे थे***



बताया कि मौजूदा दौर में उच्च शिक्षा से जुड़ी हुई अहम प्रवेश परीक्षाओं को लेकर देश में बने हुए तनाव और संशय के मौहाल के बीच विभागीय सुधारों के लिहाज से विनीत जोशी सबसे उपयुक्त अधिकारी हैं। क्योंकि उन्हें न केवल एनटीए के रूप में उच्च शिक्षा के मामलों का अनुभव हासिल है। बल्कि वह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई के भी पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। इस तरह से उनके पास स्कूली शिक्षा का भी अनुभव है। एनटीए सुधार पर समिति की रिपोर्ट लागू करेंगे उच्च शिक्षा सचिव के रूप में जोशी के सामने मुख्य रूप से एनटीए में सुधार को लेकर सरकार द्वारा गठित की गई उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति की आई रिपोर्ट के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी होगी। इसके अलावा रूसा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर राज्यों से बातचीत की कवायद को भी वह आगे बढ़ाएंगे। वहीं, उच्च शिक्षा के स्तर पर देश में चल रहे मल्टीपल एंटी, एग्जिट के साथ परीक्षाओं का आयोजन, मातृभाषा में पढ़ाई का निगरानी व्यवस्था को भी वह परक सकते हैं। इसके अलावा छात्रों के लिए अपार आईडी बनाने का काम भी पिछले साल से शुरू हो गया है। जिसे जोशी अपने कार्यकाल के दौरान तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं।

#### 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं जोशी

विनीत जोशी वर्ष 1992 बैच के मणिपुर के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने इलाहाबाद के एनी बेसेंट स्कूल और जीआईसी से शुरुआती शिक्षा हासिल की थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद उन्होंने एमबीए भी किया था। बतौर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में विनीत जोशी ने खेल से लेकर शिक्षा मंत्रालय में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं।

---

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पब्लिसिटी पर सरकार 62 करोड़ रुपए खर्च कर रही

## नेशनल टैलेंट सर्च एक्जामिनेशन: 3 सालों से बंद पड़ी छात्रवृति योजना पर केंद्र को घेरा प्रियंका ने

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देश के नौनिहालों के स्कॉलरशिप बंद किए जाने पर चिंता जताई है। उन्होंने केंद्र सरकार को इस बात के लिए कठघरे में खड़ा करने का प्रयास करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पब्लिसिटी पर सरकार जहां 62 करोड़ रुपए खर्च कर रही है वहीं बच्चों की छात्रवृत्ति की योजना को बंद कर दी गई जिस पर महज 40 करोड़ रुपए ही खर्च होते। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं पर सरकार को वो पैसा निवेश के जैसा होता जिससे आगे चल कर देश के नौजवान छात्रवृत्ति के जरिये अपनी पढ़ाई पूरी करते और विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम रोशन करते! प्रियंका ने सोशल



मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, वर्ष 1963 से चल रही 'नेशनल टैलेंट सर्च एक्जाइमनेशन' जैसी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना को विगत तीन वर्षों से बंद कर दिया गया। प्रियंका का मानना है कि इन्हीं तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत पब्लिसिटी के लिए सरकार ने 62 रुपए के फंड जारी किए जब कि वर्षों से युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने वाली छात्रवृत्ति योजना के लिए केवल 40 करोड़ ही चाहिए थे। गुरुवार को ही हरियाणा दिल्ली सीमा पर आमरण अनशन पर चल रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की लगातार बिगड़ती स्वास्थ्य पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निवेदन किया था कि किसानों से बातचीत कर आमरण अनशन खत्म कराने की पहल करें। विदित हो कि दिल्ली के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता डल्लेवाल 2021 में केंद्र द्वारा किए गए वादे पर अमल की मांग को लेकर आमरण अनशन पर हैं। उनके स्वास्थ्य का पुरसाहाल सुप्रीम कोर्ट की विशेष टीम ने भी लेकर मुख्य न्यायाधीश को अवगत कराया है।

---

### पीएम मोदी और भाजपा अध्यक्ष नड्डा की मौजूदगी में उम्मीदवारों के नाम पर लगी अंतिम मुहर

## केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में दिल्ली की 41 सीटों पर नाम तय

दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से भाजपा पहली लिस्ट में घोषित कर चुकी है 29 उम्मीदवार



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में शुक्रवार शाम को दिल्ली विधानसभा की 41 सीटों पर उम्मीदवार तय करने के लिए मंथन हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में हुई इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के अलावा चुनाव समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। भाजपा दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से 29 पर उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही कर चुकी है। समिति की बैठक में 41 उम्मीदवारों की लिस्ट पर अंतिम मुहर लगा दी गई। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात या शनिवार दिन में भाजपा दूसरी लिस्ट में शामिल उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी। दिल्ली में नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो चुकी है, 17 जनवरी नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है।

शुक्रवार शाम को हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले दोपहर को नड्डा के आवास पर दिल्ली भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी 41 सीटों पर आये पैनल पर चर्चा करते हुए हर सीट के लिए एक उम्मीदवार का चिन्हित किया गया। यहां तैयार की गई लिस्ट को केन्द्रीय चुनाव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सूत्रों के मुताबिक सभी सीटों पर सर्वे रिपोर्ट और स्थानीय सांसदों, जिला अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों की राय पर चर्चा हुई।

दिल्ली में 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर एक ही चरण में मतदान है और वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। भाजपा की पहली लिस्ट 4 जनवरी को जारी की गई थी। इसमें कुल 29 उम्मीदवारों की घोषणा की गई थी। इससे पहले गुरुवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा थी। भाजपा 1998 से ही दिल्ली की सत्ता से बाहर है। कांग्रेस की सरकार 1998 से 2013 तक रही, इस दौरान शीला दीक्षित मुख्यमंत्री रहीं। उसके बाद से आम आदमी पार्टी दिल्ली की सत्ता पर काबिज है। पहले अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री रहे और अब आतिशी मुख्यमंत्री हैं।

---

### प्रवासी भारतीय दिवस समापन समारोह में विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर बोले

भारत की 78 देशों में परियोजनाओं और क्षमता निर्माण की उपस्थिति

# भारत की विदेश नीति में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का योगदान

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

*विदेश मंत्री ने कहा कि जब हमने जी20 की अध्यक्षता की थी, तो हमने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए बहुत मजबूत तरीके से जोर दिया और अंततः इसे जी20 वैचारिक ढांचे में स्वीकार किया गया*

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और इसे देश की विदेश नीति में शामिल किया। प्रवासी भारतीय दिवस पर 'नारी शक्तिः महिला नेतृत्व और प्रभाव का जश्न' विषय पर आयोजित पैनल में बोलते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास भारत की विदेश नीति का हिस्सा रहा है।

उन्होंने समाज के सभी पहलुओं में महिलाओं को शामिल करने की आवश्यकता और विकसित भारत की ओर बढ़ने की भारत की यात्रा में महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया। जी20 शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि जब हमने जी20 की अध्यक्षता की थी, तो हमने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए बहुत मजबूत तरीके से जोर दिया और अंततः इसे जी20 वैचारिक ढांचे में स्वीकार किया गया।

**50 प्रतिशत प्रतिभाओं के साथ से ही भारत आधुनिक बनेगा**




#### महिलाओं के विकास बिना प्रगति नहीं

महिलाओं के विकास के बारे में बात करते हुए, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यदि आप इन मुद्दों को संबोधित नहीं करते हैं तो आप विकसित भारत की ओर प्रगति नहीं कर सकते हैं। यदि भारत को एक आधुनिक, औद्योगिक, तकनीक-केंद्रित समाज बनना है तो हम 50 प्रतिशत प्रतिभाओं की उपेक्षा नहीं कर सकते हैं।

#### वैश्विक दक्षिण के साथ सहयोग कर रहे

जयशंकर ने कहा कि हम खास तौर पर वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ बहुत सारे विकास सहयोग करते हैं। हम 78 देशों में परियोजनाओं और क्षमता निर्माण के माध्यम से अलग-अलग तरीकों से मौजूद हैं और हमारी कई परियोजनाओं में लैंगिक रूप से संवेदनशील मुद्दे हैं।

#### *प्रगति को मापने के लिए मानवीय पक्ष जरूरी*

*जयशंकर ने कहा कि जहां एक तरफ विकासशील भारत को मापने का पैमाना जीडीपी और बुनियादी ढांचे के माध्यम से है, वहीं दूसरी तरफ जब तक हम प्रगति के मानवीय पक्ष को संबोधित नहीं करते, यह सतही है। भारत में महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, जयशंकर ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करिधाल श्रीवास्तव और अन्य प्रवासी सदस्यों के योगदान की प्रशंसा की।*

#### छात्रों से की मुलाकात



जयशंकर ने मैसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईटी) और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस 2025 के मौके पर भारत की यात्रा पर आए हार्वर्ड और एमआईटी के शोध छात्रों से मिलकर प्रसन्नता हुई। उनसे भारत में हो रहे परिवर्तन, हमारी विदेश नीति के विकल्पों, प्रवासियों और हमारी वैश्विक छवि के बारे में बात की।


---

### हिमाचल में जमीन की होगी ई-केवाईसी

## बेनामी सौदों पर कसेगी नकेल सभी पटवारियों को दी जिम्मेदारी

मुंबई हलचल / शिमला

हिमाचल में जमीन की ई-केवाईसी कर बेनामी सौदों पर नकेल कसी जाएगी। सरकार ने प्रदेश में ई-केवाईसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पटवारियों को इसका जिम्मा सौंपा गया है। निदेशक भूमि अभिलेख की ओर से इसको लेकर सभी उपायुक्तों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जमीन की ई- केवाईसी के बाद बैंकों से ऋण लेना आसान होगा। पीएम किसान योजना का लाभ लेने के लिए भी ई- केवाईसी को अनिवार्य करने की तैयारी है। राज्य सरकार के डिजिटल



टेक्नोलॉजी एंड गवर्नेंस विभाग ने ई-केवाईसी के लिए मोबाइल एप तैयार की है, जिसमें आधार नंबर की मदद से चेहरे की भी पहचान होगी। पूरा रिकॉर्ड आधार नंबर के साथ लिंक किया जाएगा। भूमि रिकॉर्ड, पंजीकरण और विभिन्न प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था में सुधार के लिए ई-केवाईसी शुरू की है।

---

### भारत में लगातार बढ़ रहे एचएमपीवी के मामले

# गुजरात में 3 केस, 8 साल का बच्चा मिला संक्रमित

## राज्य सरकार ने जारी किया अलर्ट, नमूनों को जांच के लिए भेजा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। गुजरात के सांबरकांठा में आठ साल का बच्चा एचएमपीवी संक्रमित मिला है। यहां 3 केस सामने आ चुके हैं।

इसे लेकर राज्य सरकार ने अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि बच्चा प्रांतिज तालुका के खेतिहर मजदूर परिवार का है। पिछले दिनों उसका एक निजी अस्पताल की लैब में परीक्षण किया गया था। जहां उसे एचएमपीवी संक्रमित पाया गया था। उसके रक्त के नमूनों को सरकारी प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा था।




#### स्टडी में तेजी से फैलने की मुख्य वजह सामने

#### दो नए म्यूटेशनों ए2.2.1 और ए2.2.2 जिम्मेदार

ज्यादातर संक्रमित पांच साल से कम उम्र के बच्चे, 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग या फिर वो लोग हैं जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है। पुडुचेरी स्थित जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च ने कई अन्य संस्थानों के साथ मिलकर अध्ययन किया। इस शोध में दो नए म्यूटेशनों ए2.2.1 और ए2.2.2 के बारे में पता चला है जो फैलने की वजह हैं।

#### बच्चे की हालत स्थिर

कलेक्टर रतनकंवर गढ़विचरन ने कहा कि हिम्मत नगर के निजी अस्पताल में भर्ती बच्चे को सरकारी प्रयोगशाला की रिपोर्ट में एचएमपीवी से संक्रमित पाया गया है। उसका इलाज चल रहा है। बच्चे की हालत स्थिर है। डॉक्टरों ने बताया कि लड़का पहले वेंटिलेटर पर था। यहां एचएमपीवी का पहला मामला 6जनवरी को दर्ज किया गया था। यहां राजस्थान का 1-2 का बालक संक्रमित पाया गया था।

#### हैदराबाद में गैर-संचारी रोगों पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हैदराबाद में गैर-संचारी रोगों पर 2 दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने गैर-संचारी रोगों के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए अंतर-क्षेत्रीय सहयोग, उन्नत अनुसंधान और नवीन उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। यह स्वस्थ भारत के लक्ष्य अनुरूप है, जिसमें ग स्वास्थ्य सेवाओं तक सभी की पहुंच और गैर-संचारी रोगों से मृत्यु दर में कमी लाने पर बल दिया गया है। इसमें प्रधान सचिवों (स्वास्थ्य), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

---

### पुतिन की गुप्त मदद से उत्तर कोरिया के किम जोंग खुश

## यूक्रेन के खिलाफ जंग में भेजेंगे एक लाख सैनिक, पूर्वी एशिया में तनाव की आशंका

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

उत्तर कोरिया ने इसी हफ्ते मध्यम दूरी की एक हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। इससे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन खुश हैं। सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर कोरिया ने रूस से मिली अत्याधुनिक रक्षा टेक्नोलॉजी की मदद से इसे संभव बनाया है और इस मदद के बदले में किम जोंग उन यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए अब एक लाख से ज्यादा सैनिक भेज सकते हैं। इससे पहले उत्तर कोरिया करीब 10,000 सैनिक यूक्रेन भेज



चुका है। उत्तर कोरिया के इस कदम से पूर्वी एशिया में क्षेत्रीय तनाव बढ़ने की आशंका है। क्योंकि तकनीकी और धन हासिल करने की दौड़ में किम जोंग न सिर्फ अधिक से अधिक सैनिकों को यूक्रेन भेजेगा बल्कि वह अपनी सेना का आधुनिकीकरण भी करेगा।

#### *यूएस ने यूक्रेन को दी सैन्य सहायता*

*बाइडेन प्रशासन ने गुरुवार को यूक्रेन को अतिरिक्त 500 मिलियन अमरीकी डालर की सैन्य सहायता देने की मंजूरी दे दी। साथ ही मौजूदा अमेरिकी सैन्य भंडार से हथियार और उपकरण पैकेज भी दिया। पैकेज का ऐलान अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने पेंटागन प्रमुख के रूप में अपनी अंतिम यात्रा के दौरान किया। जहां उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। इस पैकेज में विभिन्न वायु रक्षा मिसाइलें, हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियार व उपकरण हैं।*

---

### इस बार शनिवार को एक फरवरी

## बजट के दिन स्पेशल ट्रेडिंग सेशन आम दिनों की तरह होगा कारोबार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

आम बजट 2025 पेश होने में एक महीने से भी कम का समय बचा हुआ है। बजट देश का सबसे बड़ा फाइनेंशियल इवेंट होता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विभिन्न इंडस्ट्री लीडर्स और पक्षकारों के साथ बातचीत भी कर रही हैं। बीते कई वर्षों से आम बजट को एक फरवरी को पेश किया जा रहा है। इस कारण उम्मीद है कि इस बार भी वित्त मंत्री 1 फरवरी, 2025 को सुबह 11 बजे बजट पेश कर सकती हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



बजट के दिन शेयर बाजार भी खुला रहेगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) द्वारा जारी किए गए सर्कुलर में कहा गया कि आम बजट पेश होने के चलते 1 फरवरी, 2025 को शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन रखा गया है। इस ट्रेडिंग सेशन में आम दिनों की तरह ही कारोबार होगा। प्री-ओपन सेशन सुबह 9 बजे से लेकर सुबह 9:08 बजे तक होगा।



CMYK CMYK

### सरकार ने समय सीमा दो दिन बढ़ाई

# सरकार ने जीएसटीआर-1, जीएसटी दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

करदाताओं द्वारा जीएसटीएन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की सूचना दिए जाने के बाद सरकार ने शुक्रवार को मासिक जीएसटी बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 और जीएसटी भुगतान दाखिल करने की समय सीमा दो दिन बढ़ा दी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की अधिसूचना के अनुसार, दिसंबर के लिए जीएसटीआर-1 दाखिल करने की अंतिम तिथि 13 जनवरी है, जबकि अक्टूबर-दिसंबर अवधि के लिए क्यूआरएमपी (मासिक भुगतान के साथ तिमाही रिटर्न) योजना के तहत तिमाही भुगतान का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए यह तिथि 15 जनवरी होगी।

## पहले अंतिम तिथि 11 जनवरी थी

आम तौर पर, मासिक रिटर्न दाखिल करने वालों के लिए जीएसटीआर-1 दाखिल करने की अंतिम तिथि 11 जनवरी है, जबकि तिमाही करदाताओं के लिए यह 13 जनवरी है। दिसंबर के लिए जीएसटीआर-3बी दाखिल करके जीएसटी भुगतान की समय सीमा मौजूदा 20 जनवरी से बढ़ाकर 22 जनवरी कर दी गई है।

## तकनीकी गड़बड़ियों के कारण समय बढ़ाया गया

**खास बातें**

- जीएसटीएन-1 दाखिल करने की समय सीमा 13 जनवरी
- अक्टूबर-दिसंबर अवधि के लिए तिथि 15 जनवरी होगी




## फाइलिंग तिथि आगे बढ़ाने पर विचार

*जीएसटीएन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक हैंडल जीएसटी टेक के जरिये लिखा, "जीएसटी पोर्टल में अभी तकनीकी समस्याएं आ रही हैं और इसका रखरखाव किया जा रहा है। उम्मीद है कि दोपहर 12 बजे तक पोर्टल चालू हो जाएगा। सीबीआईसी को फाइलिंग तिथि आगे बढ़ाने पर विचार करने के लिए घटना रिपोर्ट भेजी जा रही है।"*

## गुरुवार से तकनीकी गड़बड़ियों का सामना

जीएसटी नेटवर्क बृहस्पतिवार से तकनीकी गड़बड़ियों का सामना कर रहा है। करदाता जीएसटीआर-1 का सारांश तैयार करने और रिटर्न दाखिल नहीं कर पा रहे हैं।

## राज्य- वार पंजीकरण 26 जनवरी तक

*तिमाही आधार पर जीएसटी का भुगतान करने वाले करदाताओं के लिए देय तिथि को व्यवसाय के राज्य-वार पंजीकरण के आधार पर 24 जनवरी और 26 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है।*

## तारीख बढ़ाने का किया गया था अनुरोध

*इससे पहले, दिन में ही माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को एक रिपोर्ट भेजते हुए जीएसटी बिक्री रिटर्न या जीएसटीआर-1 दाखिल करने की तारीख बढ़ाने का अनुरोध किया था।*

# अतीक अहमद की 6.35 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्तियां अब सरकारी, आयकर विभाग ने जब्तीकरण का जारी किया आदेश



**लखनऊ।** आयकर विभाग ने माफिया अतीक अहमद की छह बेनामी संपत्तियों को सरकारी घोषित कर दिया है। यह संपत्तियां 6.35 करोड़ रुपये से अधिक की हैं और इन्हें अतीक ने अपने गुर्गे मोहम्मद अशरफ उर्फ लल्ला के नौकर सूरजपाल के नाम पर खरीदी थीं। ये संपत्तियां प्रयागराज में स्थित हैं, जिनमें बेनीगंज दरियाबाद, गौसपुर सदर, और बजहा सदर के भूखंड शामिल हैं। आयकर विभाग ने इन संपत्तियों को डेढ़ साल पहले जब्त किया था, और अब नई दिल्ली स्थित निर्णायक प्राधिकारी ने विभाग के आदेश को सही ठहराते हुए स्थायी जब्तीकरण आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने सूरजपाल के बारे में जानकारी जुटाई और पाया कि वह बीपीएल कार्डधारक था, लेकिन उसने कभी अपनी संपत्तियों के बारे में रिटर्न दाखिल नहीं किया। इसके बावजूद, उसने 2018 तक 11 संपत्तियों को बेच दिया था। आयकर विभाग ने जब सूरजपाल के नाम से खरीदी गई संपत्तियों का पता लगाया, तो पाया कि अतीक ने 10 वर्षों में प्रयागराज और आसपास के इलाकों में लगभग 80 करोड़ रुपये से अधिक की 100 बीघा जमीन खरीदी थी। विभाग ने कई नोटिस भेजे, लेकिन सूरजपाल ने कोई जवाब नहीं दिया। इन संपत्तियों की जब्तीकरण प्रक्रिया के दौरान विभाग ने पाया कि इन संपत्तियों का कुल मूल्य 2.38 करोड़ रुपये था। यह जब्ती कार्रवाई आयकर विभाग की बेनामी संपत्ति निषेध इकाई द्वारा की गई थी, और अब यह संपत्तियां सरकारी घोषित कर दी गई हैं। आयकर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह संपत्तियां अब सरकारी संपत्ति के रूप में प्रशासन के नियंत्रण में रहेंगी, और अतीक अहमद सहित अन्य दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। आयकर विभाग ने बताया कि इन संपत्तियों को अतीक द्वारा अपने गुर्गे सूरजपाल के नाम पर खरीदा गया था, जबकि सूरजपाल ने इन संपत्तियों के बारे में कभी भी कोई रिटर्न दाखिल नहीं किया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# संतरे के सेवन से दूर होगी ये 8 बड़ी-बड़ी समस्याएं

सर्दी के मौसम में बीमारियों से बचने के लिए खान-पान का खास ख्याल रखना पड़ता है। इस मौसम में जरा सी लापरवाही आपको सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों की शिकार बना सकती है। वैसे तो सर्दियों में संतरा खाना हर किसी को पसंद होता है लेकिन शायद ही कोई इससे होने वाले फायदों के बारे में जानता हो। सर्दियों में रोजाना संतरे या इसके जूस का सेवन जुकाम-खांसी के साथ कई बड़ी-बड़ी बीमारियों को दूर करने में मदद करता है। एमिनो एसिड, फाइबर, कैल्शियम, आयोडीन, फॉस्फोरस, सोडियम, मिनरल्स, विटामिन अ और इ के गुणों से भरपूर संतरा कैंसर और दिल की बीमारियों को दूर रखता है। इसके अलावा रोज संतरा खाने से इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। तो चलिए जानते है रोजाना संतरे या इसके जूस का सेवन आपको किन बीमारियों से दूर रखता है।



**1. सर्दी-जुकाम**
संतरे में मौजूद विटामिन सी सर्दी-जुकाम, खांसी और कप जैसी समस्याओं को दूर करता है। रोजाना इसके जूस में नींबू का रस मिलाकर पीना भी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**2. ब्लड प्रेशर कंट्रोल**
फाइबर और सोडियम के गुणों से भरपूर संतरा डायबिटीज मरीजों के लिए अच्छा होता है। रोजाना इसका सेवन ब्लड प्रैशर को कंट्रोल करता है।

**3. कैंसर**
इसमें मौजूद विटामिन ए और सी शरीर में मौजूद लाइमोनिन कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकते है। एक स्टडी के मुताबिक संतरा लीवर और ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को कम करता है।

**4. किडनी की पथरी**
किडनी स्टोन की समस्या होने पर रोजाना संतरे और इसके जूस का सेवन करें। पथरी 2-3 हफ्ते में ही निकल जाएगी।

**5. बवासीर**
यह पेट के अल्सर को खत्म करके बवासीर से राहत दिलाता है। इसके अलावा संतरे के छिलका का पाउडर बनाकर गर्म पानी के साथ पीने से बवासीर से राहत मिलती है।

**6. गठिया**
सर्दियों में गठिया रोगियों के जोड़ों और घुटनों का दर्द और भी बढ़ जाता है। ऐसे में संतरे के रस और बकरी के दूध को मिलाकर पीने पर इस दर्द से राहत मिलती है।

**7. बुखार**
अगर आपको तेज बुखार है तो दिन में 2 बार संतरे के जूस का सेवन करें। इसका सेवन शरीर के तापमान को कम करने में मदद करता है।

**8. पेट की समस्याएं**
संतरे के रस को गर्म करके उसमें काली मिर्च और सूंड का रस मिला लें। पेट में गैस, अपच, कब्ज, बदहजमी, सूजन, इंफेक्शन और बदहजमी को दूर करने के लिए इस मिश्रण का सेवन का सेवन करें।

# मोच और अंदरूनी चोट से आराम दिलाएंगे ये उपचार

किसी दुर्घटना का शिकार होने पर या किसी धारदार हथियार से कट जाने पर जब त्वचा से खून आने लगता है तो उसे चोट कहा जाता है। वहीं किसी ऊबड़-खाबड़ जगह पर चलने या गड्ढे में अचानक से पैर आने पर मोच या फिर अंदरूनी चोट आ जाती है। मोच आने से उस अंग पर सूजन आ जाती है और काफी दर्द होने लगता है। इस दर्द का सही तरीके से अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है क्योंकि यह दिखाई तो नहीं देती लेकिन महसूस बहुत होती है। इसलिए हमें मोच या चोट आने पर तुरंत इसे ठीक करने के लिए प्राथमिक उपचार करना चाहिए। चलिए आपको बताते है कि ऐसी स्थिति में कुछ घरेलू उपचार के जरिए कैसे मोच, अंदरूनी चोट एवं सूजन को दूर कर सकते है।

**अंदरूनी चोट को ठीक करने के उपाय**

1. अगर आपको लकड़ी-पत्थर लगने से सूजन आई है तो इसके लिए आप हल्दी एवं खाने का चूना एक साथ पीसकर गर्म लेप लगाए अथवा इमली के पत्तों को उबालकर बांधने से भी सूजन उतर जाती है।

2. कभी-कभी कठिन व्यायाम करने पर भी अचानक से मोच आ जाती है। इसके लिए अरनी (एक प्रकार का पौधा) के उबाले हुए पत्तों को किसी भी प्रकार की सूजन पर बांधने से काफी आराम मिलता है।

3. मोच या चोट के कारण यदि खून जम गया हो एवं गांठ पड़ गई हो तो बट के



पेड के कोमल पत्तों पर शहद लगाकर बांधने से लाभ होता है।

4. बच्चों को खेलते समय मोच आ जाए तो मोच के स्थान पर चने बांधकर उन्हें पानी से भिगोते रहें। जैसे-जैसे चने फूलेंगे वैसे-वैसे मोच दूर होती जाएगी, यह एक बेहतरीन इलाज माना गया है।

5. मोच के कारण आई सूजन के दूर करने के लिए गुनगुने पानी में फिटकरी मिलाकर चोट वाले हिस्से पर सिकाई करें।

6. सीढ़ियों से अचानक पैर फिसल जाने के कारण भी अक्सर लोगों को चोट व मोच आ जाती हैं। सरसो और हल्दी को गर्म करके उसे मोच वाले स्थान पर लगाए और उस पर एरण्ड के पत्ते को रखकर पट्टी बांध दें।

7. सूजन में करेले का साग खाना भी लाभप्रद माना जाता है।

# वजन घटाने से जुड़ी ये 8 बातें है मिथ, न करें विश्वास

बढ़ता मोटापा न सिर्फ आपकी लुक खराब करता है बल्कि इससे कई तरह की बीमारियों का खतरा भी हो सकता है। ज्यादातर लोग मोटापा कम करने के लिए दवाइयों, घरेलू नुस्खें, जिम और संतुलित आहार जैसे शार्टकट अपनाते है। मोटापा करने के लिए यह शार्टकट सेहत के लिए खतरनाक हो सकते है। लोग इन तरीकों से वजन कम करने को सही मानते है लेकिन यह सिर्फ आपका भ्रम हैं। इन तरीकों से मोटापा घटाने के कारण कई हेल्थ प्रॉब्लम हो सकती है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बताने जा रहें है, जिसे आप मोटापा करने के लिए सही मानते है, पर असल में यह गलत है। आइए जानते है मोटापा घटाने के लिए सही समझें जाने वाले गलत तरीकों के बारे में।

**1. नींबू पानी और शहद**
मोटापा कम करने के लिए लोग सबसे पहले नींबू और शहद का सेवन ही करते है लेकिन यह वजन घटाने में मदद नहीं करता। 1 चम्मच शहद में करीब 200 कैलोरी पाई जाती है, जोकि वजन घटाने में खलल डालती है।

**2. एप्पल साइडर सिरका**
वजन घटाने के लिए लोग सुबह खाली पेट इसका सेवन करते है लेकिन खाली पेट इसका सेवन अल्सर का खतरा पैदा करता है। इसके अलावा यह गले में जलन और नर्वस सिस्टम को हानि पहुंचाता हैं।

**3. फल**
फ्रूट डाइट का सेवन करके लोग वजन को जल्दी घटाने की कोशिश



करते है। फल खाना सेहत के लिए अच्छा होता है लेकिन वजन घटाने के लिए अत्यधिक, पपीता, खरबूजे और तरबूज का सेवन हृदय के लिए हानिकारक होता है। इसमें अधिक मात्रा में ग्लाइसिमिक इंडेक्स पाया जाता है, जो वजन घटाता नहीं बल्कि बढ़ाता है।

**4. शुगर फ्री खाद्य पदार्थ**
यह भी एक भ्रम है कि शुगर फ्री चीजों का सेवन वजन घटाने में मदद करता है। बेशर इसमें चीनी का मात्रा कम होती है लेकिन इसमें इस्तेमाल होने वाले रसायन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा करते हैं।

**5. सुबह सैर करना**
लोगों का मानना है कि सुबह सैर करने से वजन कम होता लेकिन यह व्यायाम की अवधि पर ही निर्भर होता है। सुबह-शाम सैर करने से केवल 3500 कैलरी ही बर्न होती है। मोटापा कम करने के लिए व्यायाम की अवधि बढ़ाएं।

**6. भूखे रहना**
लोग भूखे रह कर जल्दी से जल्दी वजन कम करने की कोशिश करते है लेकिन भूखे रहने से बीएमआर घटता है, जिससे कैलोरी कम बर्न होती है।

**7. सप्लीमेंट्स**
कुछ लोग मोटापा कम करने के लिए प्रोटीन शेक्स और वजन घटाने वाले पाउडर का सेवन करते हैं। इसका सेवन इलेक्ट्रोलाइट को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कई गंभीर बीमारियों और किडनी फेल का खतरा बढ़ जाता हैं।

**8. ज्यादा जिम जाना**
जिम और ऐरोबिक्स से पहले कारबोहाईड्रेट्स बर्न होता उसके बाद ही फैट बर्न होना शुरू होना। जबकि व्यायाम करने से पहले फैट और उसके बाद कारबोहाईड्रेट्स बर्न होता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# भाईजान की किस्मत बदलेगी सिकंदर!


**बॉलीवुड** के ब्लॉकबस्टर स्टार सलमान खान जब भी पर्दे पर आते हैं तो कुछ न कुछ कमाल ही लेकर आते हैं। उनके फैंस हमेशा उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब फैंस को उनकी नई फिल्म का काफी इंतजार है। वैसे तो भाईजान हाल ही में वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन और अजय देवगन स्टारर फिल्म सिंघम अगेन में कैमियो रोल में नजर आए थे। इससे पहले एक्टर के लीड वाली आखिरी फिल्म 2023 में आई टाइगर 3 थी, जिसने बॉक्स ऑफिस में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया। सलमान खान ने पिछले 7 सालों में कोई भी सुपरहिट फिल्म नहीं की है। उनकी आखिरी सुपरहिट फिल्म 2017 में आई टाइगर जिंदा है थी। कोइमोई की रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म ने उस समय बॉक्स ऑफिस में 339.16 करोड़ का कुल कलेक्शन किया था। एक्टर की इसके बाद कई फिल्में आईं पर बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर की लिस्ट में शामिल नहीं हो पाई। टाइगर जिंदा है के बाद सलमान खान 2018 की रिलीज फिल्म रेस 3 में नजर आए, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एवरेज रही। फिर 2019 में भारत ने दस्तक दी जो सिनेमाघरों में हिट साबित हुई। इस साल भाईजान की एक और फिल्म दबंग 3 रिलीज हुई पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एवरेज कमाई कर पाई। सलमान ने 2020 में कोई फिल्म नहीं दी। जिसके बाद वे 2021 की राधे में नजर आए जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। उसके अगले साल 2022 में उन्होंने किसी का भाई किसी की जान में काम किया, यह भी फ्लॉप रही।



# आशिकी 3 में कार्तिक के साथ होंगी सारा अली

**अनुराग बसु** की फिल्म आशिकी 3 में कार्तिक आर्यन के साथ कौन सी हीरोइन नजर आएगी, इस पर चर्चा तेज हो गई है। दरअसल एनिमल फिल्म में बोल्ड किरदार की वजह से इस फिल्म के लिए चुनी गई एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी को फिलहाल फिल्म से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह अब कौन सी एक्ट्रेस इस फिल्म में जगह लेगी इस पर लोग चर्चा कर रहे हैं। खबर के मुताबिक सारा अली खान, खुशी कपूर और ईमानवी का नाम इस लिस्ट में तेजी से चल रहा है। हालांकि किसके साथ बात बनती है यह आने वाले वक्त में पता चलेगा। सारा अली खान और कार्तिक आर्यन फिल्म लव आज कल में एक साथ काम कर चुके हैं। दोनों की जोड़ी को दर्शकों में काफी पसंद किया था। ऐसे में आशिकी 3 में भी इनकी जोड़ी दर्शकों को पसंद आएगी यह उम्मीद की जा सकती है। सारा अली खान और कार्तिक आर्यन एक दूसरे को डेट भी कर चुके हैं। सारा अली खान कार्तिक आर्यन की एक गर्लफ्रेंड रह चुकी हैं। ऐसे में पर्दे पर यह दोनों एक बार फिर रोमांस करते हुए नजर आएंगे यह अंदाजा लगाया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक ईमानवी कार्तिक आर्यन की फिल्म आशिकी 3 में नजर आ सकती हैं। हालांकि वह इस समय प्रभास के साथ एक फिल्म कर रही हैं, जिससे उनका डेब्यू होने वाला है। खबर के मुताबिक वह इस से पहले कोई और प्रोजेक्ट नहीं लेना चाहती हैं।







# कल्कि कोचलिन ने अयान मुखर्जी के प्रतिभाशाली कदम का खुलासा किया

**एक्ट्रेस** कल्कि कोचलिन ने निर्देशक अयान मुखर्जी द्वारा इस्तेमाल की गई एक स्मार्ट रणनीति का खुलासा किया, जिसके परिणाम यह हुआ कि ये जवानी है दीवानी के निर्माण के दौरान मुख्य कलाकारों के बीच एक दोस्ताना रिश्ता बना। अदिति का किरदार निभाने वाली कल्कि कोचलिन ने फिल्म के मुख्य कलाकारों के बीच बर्फ को तोड़ने के लिए मनाली की सड़क यात्रा आयोजित करने के अयान मुखर्जी के प्रतिभाशाली कदम को याद किया। एक्ट्रेस ने कहा कि एक चीज जो अयान मुखर्जी ने की, वह यह थी कि हम फि ल्म से पहले एक-दूसरे को नहीं जानते थे। हमें पढ़ने और बाकी सब चीजों के लिए ज्यादा समय नहीं मिला। हमारी पहली शूटिंग लोकेशन मनाली थी। इसलिए उन्होंने दिल्ली से मनाली तक की रोड ट्रिप करने का फैसला किया। उन्होंने हमें हवाई जहाज से नहीं जाने दिया। उन्होंने दो कारों का इंतजाम किया और एक कार में रणबीर, दीपिका, मैं और आदित्य थे। दूसरी कार में वे और दूसरे लोग थे। हमने मनाली तक की रोड ट्रिप की और इस तरह हम एक-दूसरे को जान पाए। एक्ट्रेस का मानना है कि रोड ट्रिप ने बहुत बड़ा बदलाव किया और अभिनेताओं के बीच एक अच्छा रिश्ता बनाने में मदद की। उन्होंने आगे कहा कि ढाबों पर रुकना, साथ में खाना खाना, छोटे गांवों में शौचालय का इस्तेमाल करना, अपनी ज़िंदगी के बारे में बात करना। हमने सब कुछ किया।